उदयपुर, बुधवार 16 अक्टूबर, 2019 | 04

भास्कर

समारोह में बालकों को सम्मानित किया

उदयपुर | ऐश्वर्या कॉलेज आफ एज्यूकेशन संस्थान उदयपुर की मेजबानी में मंगलवार को हुए ''ऐश्वर्या बालक सम्मान समारोह'' में 120 प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भरत जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि क्षितिज कुंभट अध्यक्ष, बी.एन.आई., संस्थान निदेशक डॉ. सीमा सिंह उपस्थित रही। सभी ने निजी व सरकारी स्कूलों के 120 छात्रों को सम्मानित किया।

पत्रिका सिटीजन

उदयपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर, 2019 | 11

बालक सम्मान समारोह

उदयपुर . ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्युकेशन संस्थान में ऐश्वर्या बालक सम्मान समारोह-2019 का आयोजन किया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम का जन्म दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी भरत जोशी, विशिष्ट अतिथि क्षितीज कुंभट थे। निदेशक डॉ. सीमा सिंह, छात्रसंघ उपाध्यक्ष कनिका जोशी ने विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई।इसी कड़ी में पुस्तकालय विभाग के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अन्तरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक स्तर के समसामयिक घटनाक्रम, इतिहास, भूगोल आदि पर प्रश्नोत्तरी की गई। कुल पांच समूहों ने भाग लिया। संचालन सौरभ ने किया। निर्णायक कुसुम शर्मा थी। मीनाक्षी गोयल ने आभार जताया।

उदयपुर, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2019 | 6

दैनिक नवज्योति

ऐश्वर्या में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज में बुधवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर के समसामयिक घटनाक्रम, इतिहास, भूगोल, राजनीति, साहित्य, अर्थव्यवस्था, विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रथम स्थान पर तृतीय समूह के विद्यार्थी ऊर्वशी श्रीमाली, अनीता पालीवाल, दीपिका प्रजापत तथा राजा पानेरी रहे। द्वितीय स्थान पर चतुर्थ समूह के विद्यार्थी प्रियांशु सुखवानी, अमन मेहता, योगेन्द्र सिंह तथा रूपेश लखाना रहे तथा तृतीय स्थान पर प्रथम समूह के विद्यार्थी सुशील शर्मा, गजराज सिंह, सुनील गरासिया तथा भावेश जैन रहे।